<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उनहत्तर हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले में नये सिरे से चयन सूची तैयार करने के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक।
- वरासत, नामांतरण और पैमाइश के मामलों के निस्तारण के लिये चलेगा विशेष अभियान। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- कानपुर–फर्रूखाबाद रेलवे ट्रैक पर कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले में उच्चस्तरीय जांच जारी। छः संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पुलिस।
- मथुरा के बरसाना में कल धूमधाम से मनेगा राधारानी का जन्मोत्सव। हेलीकॉप्टर से बरसाये जायेंगे फूल।

**********

प्रदेश में उनहत्तर हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले में नये सिरे से चयन सूची तैयार करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लग गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने कल इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अन्तरिम आदेश में नये सिरे से लिस्ट तैयार करने को फिलहाल टालने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत में इस मामले की अगली सुनवाई तेइस सितम्बर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने वालों और राज्य सरकार तथा बेसिक शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर के अपना पक्ष रखने को कहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरासत, नामांतरण और पैमाइश के मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने अवैध कब्जों के विरूद्ध अभियान चलाने और कब्जा करने वाले पर एफआईआर दर्ज करने की हिदायत भी दी है। कल लखनऊ में राजस्व विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जिलाधिकारी, एसडीएम और तहसीलदार अपने–अपने क्षेत्रों में नामांतरण, पैमाइश, वरासत और भूमि उपयोग से जुड़े लंबित मामलों को चिन्हित कर के तत्तकाल उनका निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नही है। उन्होंने राजस्व विभाग को और मजबूत करने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, नायक तहसीलदार, कानूनगो तथा लेखपाल के रिक्त पदों को भरने के निर्देश भी दिये हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअली शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश किया है। उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी की ओर से उत्तर प्रदेश में पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये के निवेश से नौ हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

***दो हजार सत्रह में उत्तर प्रदेश ने अपने औद्योगिक विकास की नीति को बनाया था तो हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक बात कही थी इन्वेस्टमेंट इम्प्लॉयमेंट के साथ जुड़ना चाहिए और मुझे प्रसन्नता है कि पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपए के इस नए निवेश के साथ नौ हजार से अधिक युवाओं को रोजगार की नई संभावनाओं की गारंटी भी यहां पर प्राप्त होगी। उत्तर प्रदेश भारत की अर्थव्यवस्था में वर्तमान में नौ दशमलव दो प्रतिशत का अपना योगदान दे रहा है। यह वर्तमान में भारत की नंबर दो की अर्थव्यवस्था के रूप में तेजी के साथ विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में भारत की अर्थव्यवस्था को भी संबल देने के लिए आज आगे बढ़ रहा है।***

**********

मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद की मौजूदगी में मत्स्यजीवी सहकारी संघों के पदाधिकारियों के शिष्टमंडल ने कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मत्स्य विभाग की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि तालाबों और पोखरों के मत्स्य पालन के लिए आवंटन में स्थानीयता को वरीयता दी जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि पट्टा आवंटन की प्रक्रिया ऑनलाइन की जाय और इसके लिये विभाग द्वारा पोर्टल तैयार किया जाय। मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन पट्टा आवंटन के नियमों के सरलीकरण पर भी जोर दिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मिशन रोजगार के अन्तर्गत लखनऊ स्थित लोकभवन में छः सौ अट्ठासी युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इनमें से छः सौ सैंतालीस युवा वन विभाग में वन रक्षक और वन्य जीव रक्षक के पद पर चयनित हुए हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में कल तीन दिवसीय सेमिकॉन इंडिया दो हजार चौबीस का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कल से तेरह सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में सेमिकॉन इंडिया दो हजार चौबीस का आयोजन करेगी। इसका उद्देश्य भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर को ऊंचाई पर ले जाना और देश को प्रमुख वैश्विक प्रतिस्पर्धी के रूप में स्थापित करना है। यह ऐतिहासिक आयोजन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को महत्वपूर्ण मंच मुहैया कराएगा। इसमें कंपनियों को भारत के उभरते सेमीकंडक्टर सेक्टर में नए व्यावसायिक अवसरों की खोज करने का एक अनूठा मौका मिलेगा।

**********

कानपुर फर्रुखाबाद रेलवे ट्रैक पर शिवराजपुर स्टेशन के नजदीक एलपीजी गैस सिलेंडर और पेट्रोल बम रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले की जांच के लिये राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए भी सक्रिय हो गयी है। एनआईए की पांच सदस्यीय टीम कानपुर रवाना हो गयी है। इस बीच, इस मामले में पुलिस छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यूपी पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते, एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी ने कल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। श्री चौधरी ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर भरा हुआ था और ट्रेन के इंजन की टक्कर से वह दूर जा गिरा। गनीमत रही कि वह फटा नहीं और हादसा होने से बच गया। घटनास्थल पर एलपीजी गैस सिलेंडर के अलावा एक झोले में बारूद और पेट्रोल बम सहित कई संदिग्ध सामान मिले हैं। कानपुर के डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच में एटीएस, आईबी, आरपीएफ और सिविल पुलिस की टीमें लगी हैं।

**********

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अयोध्या से प्रतापगढ़ तक ग्रीन फील्ड सिक्स लेन एक्सेस कन्ट्रोल हाईवे निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी है। नई सड़क वर्तमान सड़क के समानान्तर बनाई जाएगी। नए हाईवे की मंजूरी मिलने के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने संत–महंतों और अयोध्यावासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी का आभार व्यक्त किया है।

**********

राज्य सड़क परिवहन निगम के समूह ख और समूह ग के पदों पर भर्तियां अब आयोगों के माध्यम से होंगी। समूह ख के रिक्त पदों पर भर्तियां उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग और समूह ग की भर्तियां उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग करेगा। इस सम्बन्ध में कल कैबिनेट बाई सर्कुलर के माध्यम से परिवहन विभाग के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। परिवहन निगम में समूह ख के एक सौ सतासी और समूह ग के उन्नीस हजार एक सौ तैंतालीस पद हैं।

**********

राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित होने वाली पाइप पेयजल योजना के लिये निःशुल्क जमीन देने का निर्णय किया है। कल कैबिनेट बाई सर्कुलर के जरिये नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। अब इस योजना के लिये ग्राम समाज की भूमि निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी।

**********

ब्रज की महारानी राधारानी का जन्मोत्सव भव्य और दिव्य तरीके से मनाने के लिये व्यापक तैयारियां की जा रही है। कल ब्रह्ममुहूर्त में बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में महाभिषेक किया जायेगा। इस दौरान मंदिर पर प्रदेश सरकार की तरफ से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। इससे पहले कल भाद्रपद माह की षष्टीतिथि को राधारानी की प्रधान सखी ललिता जी का जन्मोत्सव मनाया गया। ललिता जी के अभिषेक के दर्शन को बरसाना में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पन्द्रह दिन बाद शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि को राधारानी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। राधारानी जन्मोत्सव के लिये बरसाना में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये हैं। मथुरा से बरसाना पहुंचने के लिये रोडवेज की बीस और नगर निगम की बीस बसें लगायी जा रही हैं।

**********

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर आज मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। लखनऊ मौसम केंद्र के अनुसार आज बहराइच, सीतापुर, बाराबंकी, महोबा, झांसी, ललितपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, औरैया, मैनपुरी एटा, कासगंज और आसपास के क्षेत्र में बारिश हो सकती है।

**********